# अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ और कानपुर नए उभरते शहरों में शीर्ष पर



**नई दिल्ली।** देश में 100 से अधिक उभरते शहरों में 17 ऐसे हैं जो रियल एस्टेट के लिहाज से प्रमुख शहर हो सकते हैं। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें उत्तर प्रदेश के अयोध्या, लखनऊ, कानपुर और वाराणसी शीर्ष पर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, उपरोक्त शहरों के अलावा अमृतसर, जयपुर, इंदौर, पटना और पुरी भी उभरते शहरों में प्रमुख स्थान रखते हैं। पश्चिम भारत में द्वारका, नागपुर, शिरडी और सूरत के साथ अन्य हैं।

कोलियर्स इंडिया ने कहा उपरोक्त 17 शहरों के रियल एस्टेट में जोरदार तेजी की उम्मीद है। इन शहरों में आगे तेजी से विकास होने और भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। छोटे शहर भारत की अर्थव्यवस्था में तेज योगदान देने के रूप में उभर रहे हैं। यहां बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल प्रतिभा और सरकारी पहल पर जोर है। ब्यूरो